**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 987**
**दिनांक 22 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**कोविड-19 के मामलों में वृद्धि**

**987. श्री कुलदीप राय शर्मा:**
**श्री चंद्र शेखर साहू:**
**श्री चन्देश्वर प्रसाद:**
**श्री राहुल रमेश शेवाले:**
**श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:**
**डॉ. अमोल रामसिंह कोल्हे:**
**डॉ. डी. एन. वी. सेंथिलकुमार एस..:**
**डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:**
**श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले:**
**श्री सुनील दत्तात्रेय तटकरे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में एक बार फिर कोविड-19 के मामलो में वृद्धि दर्ज की गई है, यदि हां, तो इस वर्ष अप्रैल से अब तक दर्ज किए गए मामलों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्रवार, विशेष रूप से महाराष्ट्र में, ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार ने ऐसी वृद्धि के कारणों का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन किया है;
(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ऐसे अध्ययन के निष्कर्ष क्या हैं;
(घ) क्या नई और उभरती बीमारियों की पहचान और उनके उपचार के लिए प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं / प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता बढ़ाकर स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत ढांचे पर राष्ट्रीय नीति की तत्काल आवश्यकता है;
(ङ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(च) लगाए गए टीके की आयु समूह-वार संचित संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(छ) क्या सरकार के पास देश में गैर-टीकाकृत नागरिकों की पहचान करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और उस पर क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)**

(क) से (छ): मई, 2022 से कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में कोविड-19 मामलों के संबंध में क्रमिक वृद्धि देखी जा रही है। 1 अप्रैल, 2022 से 18 जुलाई, 2022 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों (महाराष्ट्र सहित) द्वारा सूचित नए कोविड-19 मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार संख्या **अनुलग्नक I** में दी गई है।

नोवल रोगजनकों के कारण महामारी के संबंध में संक्रमण दर के इस तरह के वैक्सिंग और वेनिंग कोर्स असामान्य नहीं है। कई कारक ऐसी घटनाओं में योगदान करते हैं जैसे कि अनावृत्त / अप्रतिरक्षित आबादी, वायरस विशेषताओं में परिवर्तन, प्रतिरक्षा में कमी, आदि। वर्तमान वृद्धि अस्पतालों में भर्ती और मौतों की कम दर से संबद्ध है, जिसका कारण देश भर में कोविड -19 टीकाकरण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय प्रयास हैं।

19 जुलाई, 2022 तक, 12 वर्ष से अधिक आयु के लाभार्थियों को कुल 200.34 करोड़ कोविड-19 टीकों की खुराक दी गई हैं। 12-18 वर्ष के आयु वर्ग को लगाए गए टीकों और 18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग को लगाए गए टीकों के संबंध में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे क्रमश **अनुलग्नक II** और **अनुलग्नक III** में हैं।

गैरटीकाकृत आबादी तक पहुँचने के लिए एक संचार कार्यनीति बनाई गई है। सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा कोविड-19 टीकों की सुरक्षा और प्रभावकारिता के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए और आत्मतुष्टि, वैक्सीन हिचकिचाहट का निराकरण करने के साथ-साथ वैक्सीन में विश्वास बनाए रखने के लिए यह कार्यनीति कार्यान्वित की गयी है। घर- घर अभियान के माध्यम से दूसरी खुराक के लिए निर्धारित आबादी के टीकाकरण और ≥ 60- वर्ष की आयु वर्ग को एहतियाती खुराक लगाने के उद्देश्य से 1 जून 2022 से 31 जुलाई 2022 तक देश भर में हर घर दस्तक 2.0 अभियान कार्यान्वित किया गया है।

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय कोविड-19 संबंधी तैयारियों और अनुक्रिया क्षमताओं को बढ़ाने के लिए राज्यों/

केंद्र शासित प्रदेशों को आवश्यक सहायता प्रदान करता है। देश में मामलों में पुनः वृद्धि के कारण किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राज्य आपदा अनुक्रिया निधियों (एसडीआरएफ), आपातकालीन कोविड-19 अनुक्रिया और तैयारी पैकेजों के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्त पोषण सहायता प्रदान की गई है।

जन स्वास्थ्य आपात स्थितियों के विरुद्ध हमारे देश को बेहतर तरीके से तैयार करने के दीर्घकालिक लक्ष्य के साथ, 64,180 करोड़ रुपये के परिव्यय से प्रधान मंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) को किसी भी नई और उभरती हुई बीमारियों की पहचान और प्रबंधन के लिए प्राथमिक मध्यम और विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सुविधा केन्द्रों / प्रणालियों और संस्थानों की क्षमता संवर्धन के आशय से शुरू किया गया है। इनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- उच्च फोकस वाले 10 राज्यों में 17,788 ग्रामीण स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों के लिए सहायता।
- सभी राज्यों में 11,024 शहरी स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों की स्थापना।
- उच्च फोकस वाले 11 राज्य में 3382 ब्लॉक सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयां।
- सभी जिलों में एकीकृत जन स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले सभी जिलों में क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉकों की स्थापना।
- 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉकों के साथ प्रशिक्षण और मेंटोरिंग स्थलों के रूप में 12 केंद्रीय संस्थान।
- राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एन. सी. डी. सी.), 5 नए क्षेत्रीय एन. सी. डी. सी. और 20 महानगरीय स्वास्थ्य निगरानी इकाइयों का सुदृढ़ीकरण
- सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को जोड़ने के लिए सभी राज्यों संघ / राज्य क्षेत्रों के लिए एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल का विस्तार।

- 17 नई सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों का प्रचालन और प्रवेश बिन्दुओं अर्थात् 32 हवाई अड्डों, 11 बंदरगाहों और 7 भू-सीमाओं पर मौजूदा 33 जन स्वास्थ्य इकाइयों का सुदृढ़ीकरण।
- 2 कंटेनर आधारित मोबाइल अस्पतालों और 15 आपातकालीन स्वास्थ्य संचालन केंद्रों की स्थापना।
- वन हैल्थ के लिए एक राष्ट्रीय संस्थान, 4 नए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, डब्ल्यूएचओ दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय अनुसंधान मंच और 9 जैव-सुरक्षा स्तर III प्रयोगशालाओं की स्थापना।

**

अनुलग्नक I

**1 अप्रैल, 2022 से 18 जुलाई, 2022 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित नए कोविड-19 मामलों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | नए कोविड-19 मामलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 287 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 7,549 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 439 |
| 4 | असम | 5,947 |
| 5 | बिहार | 8,435 |
| 6 | चंडीगढ़ | 3,017 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 6,743 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 69 |
| 9 | दिल्ली | 79,158 |
| 10 | गोवा | 5,419 |
| 11 | गुजरात | 18,838 |
| 12 | हरियाणा | 37,209 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 5,384 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 3,312 |
| 15 | झारखंड | 2,652 |
| 16 | कर्नाटक | 40,884 |
| 17 | केरल | 1,60,754 |
| 18 | लद्दाख | 413 |
| 19 | लक्षद्वीप | 10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 5,603 |
| 21 | महाराष्ट्र | 1,45,550 |
| 22 | मणिपुर | 850 |
| 23 | मेघालय | 544 |
| 24 | मिजोरम | 6,286 |
| 25 | नागालैंड | 128 |
| 26 | ओडिशा | 11,504 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 3,011 |
| 28 | पंजाब | 7,229 |
| 29 | राजस्थान | 8,001 |
| 30 | सिक्किम | 845 |
| 31 | तमिलनाडु | 64,987 |
| 32 | तेलंगाना | 18,525 |
| 33 | त्रिपुरा | 1,554 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 25,856 |
| 35 | उत्तराखंड | 2,559 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 53,543 |

अनुलग्नक II

## 12-18 वर्ष की आयु वर्ग में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार लगाए गए टीके (19 जुलाई 2022 तक )

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पहली खुराक | दूसरी खुराक |
|---|---|---|---|
| 1 | ए एंड एन द्वीप समूह | 32,601 | 27,961 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 40,27,911 | 40,05,689 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 85,482 | 48,303 |
| 4 | असम | 20,74,021 | 12,87,364 |
| 5 | बिहार | 93,56,634 | 63,59,684 |
| 6 | चंडीगढ़ | 92,498 | 60,010 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 21,38,310 | 14,57,326 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 30,129 | 19,314 |
| 9 | दमन और दीव | 19,345 | 16,385 |
| 10 | दिल्ली | 16,14,248 | 12,63,283 |
| 11 | गोवा | 84,279 | 69,545 |
| 12 | गुजरात | 49,79,811 | 43,53,726 |
| 13 | हरियाणा | 16,71,042 | 10,05,482 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 5,85,941 | 5,17,543 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 14,01,866 | 13,19,243 |
| 16 | झारखंड | 23,89,850 | 12,86,718 |
| 17 | कर्नाटक | 50,17,722 | 43,32,704 |
| 18 | केरल | 20,29,571 | 12,97,490 |
| 19 | लद्दाख | 18,401 | 16,278 |
| 20 | लक्षद्वीप | 4,748 | 4,006 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 64,70,896 | 46,30,444 |
| 22 | महाराष्ट्र | 65,60,607 | 43,57,490 |
| 23 | मणिपुर | 1,51,104 | 73,071 |
| 24 | मेघालय | 1,03,584 | 49,062 |
| 25 | मिजोरम | 1,01,620 | 67,903 |
| 26 | नागालैंड | 80,462 | 53,417 |
| 27 | ओडिशा | 36,74,547 | 27,96,392 |
| 28 | पुद्दुचेरी | 76,486 | 56,138 |
| 29 | पंजाब | 17,20,435 | 12,06,673 |
| 30 | राजस्थान | 56,13,857 | 37,63,422 |
| 31 | सिक्किम | 49,706 | 42,295 |
| 32 | तमिलनाडु | 42,91,402 | 32,05,966 |
| 33 | तेलंगाना | 27,40,055 | 22,63,581 |
| 34 | त्रिपुरा | 2,45,591 | 1,70,876 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 2,24,35,272 | 1,95,10,688 |
| 36 | उत्तराखंड | 9,10,638 | 7,05,341 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 60,64,808 | 48,50,829 |

**अनुलग्नक III**

**18 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग में राज्य / संघ राज्य क्षेत्र-वार लगाए गए टीकों का ब्यौरा (19 जुलाई 2022 तक)**

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पहली खुराक | दूसरी खुराक | एहतियाती खुराक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ए एंड एन द्वीप समूह | 3,11,527 | 3,14,631 | 35,372 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 4,06,12,779 | 4,35,13,398 | 59,64,207 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 8,55,501 | 7,36,837 | 44,981 |
| 4 | असम | 2,25,19,253 | 2,02,83,957 | 11,27,548 |
| 5 | बिहार | 6,24,12,899 | 5,66,67,504 | 52,13,651 |
| 6 | चंडीगढ़ | 10,87,681 | 9,11,015 | 59,390 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 1,87,78,393 | 1,77,25,559 | 13,13,507 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली | 4,28,689 | 3,28,763 | 25,313 |
| 9 | दमन और दीव | 2,99,670 | 2,59,952 | 24,143 |
| 10 | दिल्ली | 1,65,43,099 | 1,41,02,454 | 19,56,096 |
| 11 | गोवा | 13,51,941 | 12,17,187 | 75,277 |
| 12 | गुजरात | 4,92,32,497 | 4,91,53,000 | 48,70,385 |
| 13 | हरियाणा | 2,19,28,907 | 1,85,68,665 | 12,53,902 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 60,19,932 | 57,25,776 | 5,11,383 |
| 15 | जम्मू और कश्मीर | 99,34,105 | 1,02,87,851 | 5,10,450 |
| 16 | झारखंड | 2,12,19,212 | 1,56,42,584 | 5,46,709 |
| 17 | कर्नाटक | 4,99,44,797 | 5,00,79,616 | 46,08,434 |
| 18 | केरल | 2,69,91,226 | 2,36,98,542 | 22,74,314 |
| 19 | लद्दाख | 2,19,092 | 1,84,947 | 83,918 |
| 20 | लक्षद्वीप | 56,795 | 55,416 | 4,248 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 5,40,11,584 | 5,36,92,268 | 26,03,522 |
| 22 | महाराष्ट्र | 8,45,15,090 | 7,08,86,462 | 44,77,480 |
| 23 | मणिपुर | 14,53,322 | 12,01,146 | 1,43,783 |
| 24 | मेघालय | 13,28,186 | 10,17,031 | 50,686 |
| 25 | मिजोरम | 7,82,639 | 6,55,087 | 55,769 |
| 26 | नागालैंड | 8,35,001 | 6,77,301 | 38,834 |
| 27 | ओडिशा | 3,12,97,612 | 2,93,59,779 | 23,06,684 |
| 28 | पुद्दुचेरी | 8,98,730 | 6,91,421 | 43,562 |
| 29 | पंजाब | 2,22,81,992 | 1,92,27,228 | 8,37,577 |
| 30 | राजस्थान | 5,09,87,383 | 4,58,84,181 | 27,01,301 |
| 31 | सिक्किम | 5,38,758 | 5,05,223 | 51,090 |
| 32 | तमिलनाडु | 5,57,65,844 | 5,04,90,944 | 18,91,584 |
| 33 | तेलंगाना | 2,95,22,384 | 2,86,90,598 | 12,06,880 |
| 34 | त्रिपुरा | 26,51,410 | 23,02,101 | 1,75,982 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 15,35,31,270 | 14,50,43,220 | 40,55,660 |
| 36 | उत्तराखंड | 81,56,882 | 78,90,248 | 8,00,430 |
| 37 | पश्चिम बंगाल | 6,71,77,934 | 6,08,87,916 | 56,02,006 |